# उत्तरांचल सर्विसेज हाऊसिंग एसोसिएशन, देहरादून।

ई–मेल : secyusha09@gmail.com सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून–0135–2607608

वेबसाइट : www.ushadoon.org

पत्रांक– / दिनांक फरवरी, 2015

---

दिनांक 14.02.2015 को दोपहर 12:00 बजे सोसाईटी के क्लब हाऊस उषा कालोनी में आहूत उषा कार्यकारणी समिति की गोष्ठी का कार्यवृत्त :–

**<u>उपस्थिति पंजिका में दर्ज बैठक में उपस्थिति</u>** :–

1. अध्यक्ष – श्री सुभाष जोशी
2. आनरेरी सचिव – श्री एस0पी0 सुबुद्धि

**<u>विशेष उपस्थिति</u>** :–

1. श्री इन्दु कुमार पाण्डेय
2. श्री दिनेश भट्ट
3. श्री जे0एस0 पाण्डेय
4. श्रीमती सुधा जोशी

कार्यकारिणी के – उपाध्यक्ष श्री एस0 के0 भगत, एवं श्री एल0एम0 पन्त, उपाध्यक्ष, श्री सुरेन्द्र मेहरा, कोषाध्यक्ष श्री आर0के0 सुधान्शु सदस्य, श्री ए0के0 राणा, सदस्य एवं श्रीमती आकांक्षा सिन्हा, सदस्या कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाये। विगत गोष्ठी में उल्लिखित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कृत कार्यवाही की अध्यावधिक जानकारी सचिव द्वारा दी गयी तत्पश्चात् निम्न बिन्दुओं पर सहमति बनी :–

**बिन्दु संख्या 01 –** ऑनरेरी सचिव द्वारा पिछली ई0सी0 मीटिंग में लिये गये निर्णयों पर विचार–विमर्श किया गया तथा साथ ही अन्य बिन्दुओं कार्यकारिणी समिति की सहमति बनी।

**बिन्दु संख्या 02 –** सोसाईटी के गेट के पास खाली पड़ी जमीन पर बैंक शाखा खोलने हेतु कार्पोरेशन बैंक, रिस्पनापुल हरिद्वार रोड की ओर से आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ था जिसमें सामान्य बैंक सुविधा, ए0टी0एम0 व लॉकर आदि के लिये 750 वर्ग फीट कार्पेट एरिया की मांग बैंक की ओर से रखी गयी थी। जिस पर कार्यकारिणी समिति द्वारा श्री चण्डी कुमार, शाखा प्रबन्धक, कार्पोरेशन बैंक से बैंक किराया, कार्पेट एरिया व आदि बिन्दुओं पर काफी विचार–विमर्श किया गया जिसके उपरान्त श्री चण्डी कुमार ने अपने समस्त तर्क रखते हुए कहा कि वे अपने बैंक के उच्च अधिकारियों से विचार–विमर्श करने के उपरान्त ही शाखा खेलने हेतु सोसाईटी को कोई जवाब देंगे।

**बिन्दु संख्या 03 –** सोसाईटी के समस्त छोटे–बड़े पार्कों की देखभाल व रखरखाव हेतु एक माली रखे जाने पर सहमति बनी। साथ ही सोसाईटी के सैन्ट्रल पार्क सहित अन्य दो पार्कों में मरम्मत, काली–सफेद रंग व अन्य कार्य किये गये जिनसे कार्यकारिणी समिति को भी अवगत कराया गया।

**बिन्दु संख्या 04 –** पिछली बैठक में समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार क्लब हाउस में रखी बिलियर्डस/स्नूकर मेज को क्लब हाउस से हटाकर ZIM में रखने हेतु कहा गया था जिसे सुरक्षित ढंग से ZIM में रख दिया गया।

**बिन्दु संख्या 05 –** पिछली ई0सी0 मीटिंग में लिये गये निर्णयानुसार टेनिस कोर्ट पर टीन शैड न बनवाकर क्लब हाउस के पास फूंस व बांस की (झोपड़ी) हट बनवाने हेतु कहा गया था जिसे सोसाइटी के ऑनरेरी सचिव श्री एस0पी0 सुबुद्धि द्वारा बनवा दिया गया है।

**बिन्दु संख्या 06 –** श्री बी0एस0 सिद्धू, प्लाट सं0 11 द्वारा अपने भवन नक्से की एक प्रति MDDA से पास व पानी कनेक्शन हेतु सोसाईटी में रू0 6000/– की धनराशि जमा करा दी गयी है जिसके उपरान्त पानी कनेक्शन की धनराशि रू0 6000/– सोसाइटी बैंक खाते में जमा कर श्री सिद्धू को सोसाइटी की ओर से NOC दे दी गयी है।

**बिन्दु संख्या 07 –** चार्टेड एकाउन्टेड के कार्यालय से प्राप्त AMC and Badminton Hall की बकाया धनराशि के सम्बन्ध में पिछली बैठक में लिये गये निर्णयानुसार सदस्यों को नोटिस जारी किये गये।

–हस्ता0–
(एस0पी0 सुबुद्धि)
ऑनरेरी सचिव,
उषा एसोसिएशन, देहरादून।

प्रतिलिपि–1– समस्त सदस्यगण

2– श्री रविन्द्र खण्डूजा, सी0ए0